आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 27.11.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः–**

1– नवा रायपुर में कल से शुरू होगा तीन दिवसीय अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक–महानिरीक्षक सम्मेलन–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी होंगे शामिल।

2– 'विकसित भारत–सुरक्षा आयाम' विषय पर होने वाले इस सम्मेलन के दौरान पुलिस के समक्ष मौजूद चुनौतियों से निपटने में हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

3– महिला कबड्डी विश्व कप प्रतियोगिता में भारत की जीत में निर्णायक भूमिका निभाने वाली छत्तीसगढ़ की संजू देवी ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरूण साव से की मुलाकात।

**और**

4– सुकमा जिले में आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से जिला पुलिस बल की महिला आरक्षक घायल।

--------------

## डीजीपी–कॉन्फ्रेंस

नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम में कल से तीस नवंबर तक पुलिस महानिदेशकों–महानिरीक्षकों का साठवां अखिल भारतीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन के दूसरे और तीसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे। इस अवसर पर श्री मोदी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान करेंगे। इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक तथा केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख भाग लेंगे। वहीं, गृह विभाग के प्रमुख और डीआईजी तथा पुलिस अधीक्षक स्तर के कुछ चुनिंदा पुलिस अधिकारी भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

'विकसित भारतः सुरक्षा आयाम' विषय पर आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का उद्देश्य पुलिस के सामने मौजूद मुख्य चुनौतियों से निपटने में हुई प्रगति की समीक्षा करना और 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप 'सुरक्षित भारत' के निर्माण के लिए एक रोडमैप तैयार करना है। सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, आतंकवाद का मुकाबला, आपदा प्रबंधन, महिला सुरक्षा और पुलिसिंग में फोरेंसिक विज्ञान तथा एआई के उपयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह सम्मेलन देशभर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर खुले और सार्थक विचार–विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

## डीजीपी कॉन्फ्रेंस–तैयारी

तीन दिवसीय इस सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री और वीवीआईपी की सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने आदेश जारी करते हुए नवा रायपुर क्षेत्र में भारी और मध्यम मालवाहक वाहनों के

प्रवेश पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार अट्‌ठाईस से तीस नवंबर तक प्रतिदिन सुबह पांच बजे से रात बारह बजे तक नवा रायपुर क्षेत्र के सभी मार्गों पर भारी तथा मध्यम मालवाहक वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पहली बार इस आयोजन की मेजबानी कर रहा है, जो कि राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है।

**<u>राज्य युवा आयोग–वेबसाइट</u>**

---

उपमुख्यमंत्री और खेल तथा युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने आज राज्य युवा आयोग की वेबसाइट को लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस वेबसाइट से युवाओं को युवा आयोग के कार्यों और रोजगार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होंगी।

इस मौके पर राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि इस वेबसाइट के लॉन्च होने से युवाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही युवा इस वेबसाइट पर अपने सुझाव भी दे सकेंगे।

**कबड्‌डी–संजू देवी**

---

बांग्लादेश के ढाका में सत्रह से चौबीस नवंबर तक आयोजित महिला कबड्डी विश्व कप प्रतियोगिता में भारतीय टीम में शामिल छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की संजू देवी को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का खिताब प्राप्त हुआ है। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम को कुल पैंतीस अंक प्राप्त हुए, जिनमें से सोलह अंक अकेले संजू देवी ने दिलाए।

रायपुर प्रवास पर पहुंची संजू देवी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विश्व कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संजू देवी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

आज नवा रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि संजू देवी ने महिला कबड्डी विश्व कप में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई है।

वहीं, संजू देवी ने महिला कबड्डी वर्ल्ड कप टीम में अपने चयन से लेकर प्रदर्शन तक के अनुभव पत्रकारों से साझा किए।

**एसआईआर**

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर के तहत बूथ लेवल अधिकारी—बीएलओ द्वारा घर—घर जाकर गणना प्रपत्रों का संग्रहण और डिजिटलीकरण का कार्य किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में एक करोड़ पैंतालीस लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण पूरा किया जा चुका है, जो पंजीकृत मतदाताओं का लगभग उनहत्तर प्रतिशत है।

एसआईआर अभियान के तहत सरगुजा जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। जिले के उदयपुर विकासखंड में मतदाता सूचियों के डिजिटलीकरण का काम शत—प्रतिशत कर लिया गया है।

**श्रम संहिता**

केंद्र सरकार द्वारा लागू चार नई श्रम संहिताओं का विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया है। बालको बेरोजगार संघ के महासचिव सुशील निर्मलकर ने कहा है कि नये श्रम कानून से मजदूरों का भला होगा।

**जशपुर–किसान महतारी सम्मेलन**

---

जशपुर जिले के नारायणपुर में आज किसान–महतारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए और उन्होंने किसानों और महिलाओं से संवाद किया। इस मौके पर श्री साय ने अस्सी करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन संपन्न किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है।

**आईईडी विस्फोट–महिला आरक्षक घायल**

---

सुकमा जिले में आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से जिला पुलिस बल की महिला आरक्षक घायल हो गई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर जिले के फूलबगड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोगुंडा से जिला पुलिस बल की टीम सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इसी दौरान हुए आईईडी विस्फोट में महिला आरक्षक के पैर में गंभीर चोट आ गई। घायल महिला आरक्षक को प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से एयर लिफ्ट कर रायपुर लाया गया है। इलाके में सुरक्षा बलों द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है।

**रेलवे–स्वच्छता**

रायपुर रेलमंडल में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों से गुजरने वाली गाड़ियों में तैनात ओबीएचएस स्टाफ और पैंट्रीकार कर्मचारियों को स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा गार्बेज डिस्पोजल मैनेजमेंट के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं, कर्मचारियों को नियमित और सुरक्षित कचरा निपटान के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

**इफ्फी**

गोवा के पणजी में आयोजित छप्पनवें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने आज लिजेंडरी सिनेमैटोग्राफर और फिल्म निर्माता के. वैकुंठ के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री सावंत ने कहा कि के. वैकुंठ ने भारतीय सिनेमा पर अमिट छाप छोड़ी है।

इस अवसर पर श्री वैकुंठ की वर्ष उन्नीस सौ सतहत्तर की डॉक्यूमेंट्री ''गोवा मार्चेस ऑन'' का प्रदर्शन किया गया।

**रेलवे–पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता**

---

बीस से चौबीस नवंबर के बीच देहरादून में आयोजित अखिल भारतीय रेलवे पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ की महिला टीम रनर–अप रही। टीम की खिलाड़ियों ने अपने–अपने भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते।

## शीतकालीन स्पेशल ट्रेन

शीतकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा बिलासपुर–यलहंका–बिलासपुर के बीच पांच–पांच फेरों के लिए साप्ताहिक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इन ट्रेनों का परिचालन दो दिसंबर से तीस दिसंबर तक बिलासपुर से हर मंगलवार को किया जाएगा। वहीं, तीन दिसंबर से इकतीस दिसंबर तक यह ट्रेन यलहंका से हर बुधवार को चलेगी। इस गाड़ी का ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनादगांव, डोंगरगढ़ और गोंदिया स्टेशनों में दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

– खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के नया करेला गांव में दूषित पानी पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं, लगभग पचास ग्रामीण बीमार बताए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों की जांच की जा रही है।

**और**

– मोहला–मानपुर जिले के मानपुर ब्लॉक में नेशनल हाईवे–नौ सौ तीस पर बीती रात एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>